# विश्वविद्यालय अभियंता का कार्यालय

## निर्माण विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना–800005

(पटना विष्वविद्यालय का संबद्ध इकाई)
Email: puer@patnauniversity.ac.in, Website: www.pup.ac.in

नीलामी सूचना संख्याः 03 वर्ष 2026–27, दिनांक 05/08/2026

## अल्पकालीन नीलामी सूचना

पटना विश्वविद्यालय के अधीन **पटना सायंस कॉलेज परिसर में आवास संख्या 1 एवं 2** को तोड़ने एवं उपयोगी एवं अनुपयोगी सामानों को विक्रय हेतु **जैसा है जो है उसी स्थिति में** के आधार पर नीलामी सूचना आमंत्रित की जाती है। कोई भी संवेदक जो केन्द्रीय/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्रों में निबंधित हो, निविदा में भाग ले सकते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता पदाधिकारी का नाम | विश्वविद्यालय अभियंता, पटना विश्वविद्यालय, पटना |
| 2 | विज्ञापन निर्गत करने की तिथि | दिनांक 05/08/2026 |
| 3 | परिमाण विपत्र निर्गत करने/डाउनलोड करने की तिथी, समय एवं स्थान | दिनांक 08/08/2026 से 17/08/2026, 17:00 घंटा, विश्वविद्यालय अभियंता का कार्यालय, निर्माण विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना (वेबसाइट https://pup.ac.in/TenderNew.aspx पर) |
| 4 | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | दिनांक 18/08/2026 समय 15:00 घंटा, विश्वविद्यालय अभियंता का कार्यालय, निर्माण विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना |
| 5 | बिड खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 18/08/2026 समय 15:30 घंटा, विश्वविद्यालय अभियंता का कार्यालय, निर्माण विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना |
| 6 | निविदा की वैद्यता की अवधि | 180 दिन |

| S. N. | Name of Building | App. Area | Reserve Price (₹) | EMD (₹) | Cost of BOQ (₹) | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Demolition of Quarter No. 1 & 2 of Patna Science College, Patna University, Patna | 5510 sft | 2,73,387/- | 5,500/- | 750/- | 15 Days |

नोटः1. (i) वेबसाईट– https://pup.ac.in/TenderNew.aspx पर अंकित सुरक्षित राशि घट या बढ़ सकती है परंतु अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र की राशि अंतिम रूप से मान्य होगा।

2. निविदा पत्र वेबसाईट https://pup.ac.in/TenderNew.aspx से डाउनलोड किया जा सकता है या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से निर्धाति तिथि को किसी भी कार्यदिवस को 10:30 बजे पूर्वाह्म से 5:00 बजे अपराह्म तक निविदा दस्तावेज का निर्धारित मूल्य डिमांड ड्राफ्ट जो "विश्वविद्यालय अभियंता, पटना विश्वविद्यालय, पटना" या "University Engineer, Patna University, Patna" को भुगतेय(Payable to) हो देकर प्राप्त कर सकते है।

3. संवेदक द्वारा परिमाण विपत्र प्राप्त करने के उपरांत निविदा पत्र को भरकर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को निर्धारित अवधी के अंदर जमा कर सकते है। निविदा दस्तावेज स्पीड पोस्ट से/कोरियर से या स्वय आकर कार्यालय के निविदा बॉक्स में जमा कर सकते है। स्पीड पोस्ट से/कोरियर सेवा प्राप्त निविदा निर्धारित अवधी के बाद प्राप्त होने पर निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा। निविदा में अहर्ता को पूरा करने हेतु सभी कागजात/ अग्रधन की राशि/सभी प्रमाण पत्र जो निविदा के लिए आवश्यक है निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। सभी कागजात एक लिफाफे के अंदर भर कर लिफाफे के उपर **निविदा संख्या, क्रम संख्या, कार्य का नाम एवं निविदाकार का पूर्ण पता के साथ "विश्वविद्यालय अभियंता, पटना विश्वविद्यालय, पटना–800005" या "University Engineer, Patna University, Patna-800005" को प्रेषित करना होगा।**

4. जो संवेदक निविदा दस्तावेज पटना विश्वविद्यालय के वेबसाईट https://pup.ac.in/TenderNew.aspx से डाउनलोड करते है वे निविदा दस्तावेज एवं वांछित दस्तावेजों के साथ परिणाम विपत्र की राशि (Cost of BOQ) एवं वांछित अग्रधन (Earnest Money Deposit) की राशि जो "विश्वविद्यालय अभियंता, पटना विश्वविद्यालय, पटना" या "University Engineer, Patna University, Patna" को भुगतेय(Payable to) हो तथा निविदा जमा करने की अंतिम तिथि से एक दिन पहले निर्गत हो जमा करना होगा ऐसा नहीं करने पर निवदा अस्वीकार किया जायेगा।

5. वांछित अग्रधन की राशि राष्ट्रीय बचत पत्र/डाकघर सावधि जमा 3 वर्षीय या 5 वर्षीय पासबुक जो बिहार राज्य से क्रय या जमा किया हो "**विश्वविद्यालय अभियंता, पटना विश्वविद्यालय, पटना (University Engineer, Patna University, Patna) के नाम प्रतिज्ञिप्त(Pledged)** हो अथवा बिहार वित्त नियमावली के अनुसार उक्त नाम से फिक्सड डिपोजिट रिसिप्ट अथवा बैंक गारन्टी जो बिड मे मान्य अवधि तक के लिए बिहार अवस्थित किसी बैंक से निर्गत हो (अगर बिहार प्रान्त के बाहर के बैंक से निर्गत बैंक गारन्टी दिया जाता है तो एकरारनामा के पूर्व इसे

बिहार अवस्थित किसी बैंक से निर्गत किया जाना होगा) के रूप में विश्वविद्यालय अभियंता का कार्यालय, पटना विश्वविद्यालय, अशोक राजपथ, पटना–800 005 में निविदा दस्तावेजों के साथ स्वयं/कोरियर सेवा/स्पीड पोस्ट द्वारा निश्चित रूप से जमा किया जाना आवश्यक है। ऐसा नहीं करने पर निविदा मान्य नहीं होगा।

6. निविदाकार निविदा डालने से पहले अपने स्तर से भी प्रस्तावित कार्य स्थल पर स्थल उपलब्धता के संबंध में आश्वस्त हो लेगे।
7. **निविदाकार निविदा के दोनों बिड तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड को बिना त्रुटि/बिना कटिंग/बिना ओभर राइटिंग के भरना अनिवार्य है। किसी भी प्रकार की त्रुटि/कटिंग/ओभर राइटिंग या अपूर्ण भरे बिड अयोग्य घोषित किया जा सकता है।**
8. **निविदा के वित्तीय बिड में निविदाकार संबंधित कार्य के संरक्षित मूल्य (Reserve Price) से कम राशि बिड में नहीं भर सकते है। यदि बिड राशि संरक्षित मूल्य से कम पाया जाता है तो बिड अयोग्य घोषित किया जायेगा।**
9. सभी निविदा का बिड निविदा समिति के सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्धारित कार्यालय में खोला जायेगा। निविदा खोलते समय सिर्फ निविदा में भाग लिये संवेदक या उनके द्वारा सिर्फ एक अधिकृत व्यक्ति को प्रवेश दिया जायेगा। इस हेतु अधिकृत व्यक्ति का अधिकृत पत्र प्रस्तुत करना होगा अन्यथा प्रवेश की अनुमति नहीं दिया जायेगा।
10. किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा शुद्धि पत्र को वेबसाईट पर प्रकाशित किया जायेगा। बिना कारण बताये निविदा या उसके अंश को अस्वीकार करने/रद्द करने का अधिकारी सक्षम पदाधिकारी को सुरक्षित है।
11. सभी मामले पटना उच्च न्यायालय के अधिकारी क्षेत्र के अधीन होंगे।
12. निविदा में अधिकतम दर का हवाला देते हुए कार्य आवंटन का दावा मान्य नहीं होगा। दो या दो से अधिक निविदाकारों का दर एक रहने पर लॉटरी के द्वारा बिहार वित्तीय नियमावली के अनुसार दरवार्ता कर कार्य आंटन किया जायेगा।
13. **विशेष जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य अवधि में संपर्क किया जा सकता है। टेन्डरिंग की प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी सूचना हेतु ई. चंद्र भूषण चौधरी, सहायक अभियंता, पटना विश्वविद्यालय से संपर्क किया जा सकता है।**

ह./–
विश्वविद्यालय अभियंता
पटना विश्वविद्यालय, पटना।

ज्ञापांकः 43/UE दिनांकः05/08/2026

प्रतिलिपिः 1. निविदा समिति के सभी सदस्यों को सूचनार्थ (1. कुलसचिव, पटना विश्वविद्यालय, पटना, 2. वित्त पदाधिकारी, पटना विश्वविद्यालय, पटना, 3. विश्वद्यालय अभियंता, पटना विश्वविद्यालय, पटना, 4. सहायक अभियंता सिविल, पटना विश्वविद्यालय, पटना, 5. सहायक अभियंता विद्युत, पटना विश्वविद्यालय, पटना), 2. प्रोफेसर इंचार्ज, सूचना प्रौद्यौगिकी प्रकोष्ठ, पटना विश्वविद्यालय, पटना को निविदा सूचना एवं E-Tender Link (https://pup.ac.in/TenderNew.aspx) वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु अग्रसारित।

ह./–
विश्वविद्यालय अभियंता
पटना विश्वविद्यालय, पटना।

ज्ञापांकः 43A/UE दिनांकः05/08/2026

प्रतिलिपिः 1. प्राचार्य, पटना सायंस कॉलेज, पटना, 2. वित्तीय परामार्शी, पटना विश्वविद्यालय, पटना, 3. कुलपति के निजी सहायक, पटना विश्वविद्यालय, पटना, 4. श्री सत्येन्द्र कुमार, उच्चवर्गीय लिपिक, निर्माण विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना को सूचनार्थ।

ह./–
विश्वविद्यालय अभियंता
पटना विश्वविद्यालय, पटना।